No. of Printed Pages : 8

**PGDT–03**

# अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.टी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2024

## पी.जी.डी.टी.-03 : व्यावहारिक अनुवाद के विविध स्तर और क्षेत्र

*समय : 3 घण्टे* अधिकतम अंक *: 100*

---

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 का उत्तर लगभग **750** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख दिए गए हैं।

1. सारानुवाद की विशेषताओं और सीमाओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

आशु अनुवाद से क्या अभिप्राय है ? आशु अनुवाद की आवश्यकता किन-किन संदर्भों में होती है ? 20

2. (क) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 10

**P.T.O.**



(i) Confidential records of the employees called for interview may be sent under sealed cover.

(ii) I request that my name be included in the electoral roll for the above constituency.

(iii) The employees who are reimbursed expenses on local travel are not eligible for conveyance allowance.

(iv) World Trade Organisation establishes rules regarding international trade and sees that these rules are obeyed.

(v) You should improve your attendance failing which necessary action will be taken against you.

(ख) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए– 10

(i) इस मामले पर निर्णय 'विभागीय पदोन्नति समिति' के सदस्यों के बीच कागजात परिचालित कर लिया जाए।

(ii) तेजी से हो रहे आर्थिक विकास के बावजूद, यह विरोधाभास बना हुआ है कि भारत में शहरीकरण की गति धीमी है।

(iii) बाजार ऐसा स्थल है कि जहाँ क्रेता और विक्रेता अपने सामान, सेवाओं अथवा ज्ञान का पैसे के लिए आदान-प्रदान करते हैं।

(iv) यातायात के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए कम्प्यूटरीकृत सिग्नल नियंत्रण प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाता है।

(v) नियुक्ति होने पर आपको भारत के किसी भी भाग में अथवा उससे बाहर सेवा करने को कहा जा सकता है।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** अनुच्छेदों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए– $15 \times 3 = 45$

(क) India, being a developing country, places a lot of emphasis on science and technology (S&T). It provided a tremendous boost to the Indian economy since independence. Education in India has been geared towards scientific and





technological development. When the country emphasises science education and higher education, much expenditure has to be incurred on education. The expenditure is incurred on buildings, hostels, library buildings and other facilities and on teacher's salaries, scholarships, books and laboratory facilities. This seems to be suitable on the ground that the rate of return from education is highest for the economy when education invests in science and technology. In industrial society, education is required to produce new technology through research, professional and scientific man-power through training.

(ख) India and Asian Development Bank (ADB) on Friday signed a 105 million dollar loan agreement to continue financing the transmission system upgrades in Himachal Pradesh for increased supply of hydropower. According to an official release, the

programme is aimed at developing and expanding the transmission network to evacuate clean and renewable power generated from the State's hydropower sources. The loan will help the State government to benefit electricity consumers in the state and throughout northern India by increasing the transmission system capacity. The loan agreement was signed by Additional Secretary in the Finance Ministry and Country Director of ADB's India Resident Mission in Yokoyama.

(ग) Education can be a very important medium for the development of social order. The school is an arena where the child learns to form relationships in society. It is generally agreed that the human personality grows, develops and matures through relationships with other. But the school has to ensure that the relationships are not based on wealth, social status, material possessions etc. The values of honesty, co-operation and hard work are to





be instilled in student's right from the early years of education. Then they will grow up to be individuals who strive for excellence through their dedication and commitment. They will respect all fellow human beings who toil hard and achieve their goals in their fields of work.

(घ) The introduction of money economy has led to radical changes in the lives of the urban tribals. It has transformed the traditional communal goals with the aim related to personal achievement and individual careers. This has resulted in a drastic change in the structure of the family and the roles of men and women in it. The newly achieved status in industry affects the form and nature of leadership. A man who enters as a labourer becomes a foreman by successive rises and thus enters the middle clas status. It also leads to the emergence of a self-conscious status group and ultimately to the growth of a class system.

4. निम्नलिखित में से **किसी एक** अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए– 15

(क) भारत के अधिकांश बड़े शहर अव्यवस्थित प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। औद्योगीकरण और शहरीकरण के सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक परिणामों पर भली प्रकार से विचार नहीं किया जा रहा है। लोगों का देहात से नगरों की ओर अनियोजित ढंग से आना तथा शहरी क्षेत्रों में अनियोजित प्रशासन एवं उद्योग के केन्द्रीकरण से अनेक समस्याएँ उत्पन्न हुई है। शहरीकरण से पर्यावरणीय प्रदूषण की समस्या उठ खड़ी हुई है; स्लम क्षेत्रों और अवैध बस्तियों का विस्तार हुआ है। शहरीकरण से आर्थिक बाजार में माँग और आपूर्ति के बीच संतुलन भी बिगड़ता है। शहरी क्षेत्रों में अपराध और हिंसा भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, अनेक प्रकार के स्वास्थ्य सम्बन्धी खतरे भी नजर आते हैं।

(ख) विज्ञान, ज्ञान का वह विपुल भंडार हैं जिसे मानव जाति ने सभ्यता के विकास के साथ–साथ संचित किया है। एक तरफ हम परमाणु जैसे अत्यन्त सूक्ष्म तत्व की बात करते हैं, तो दूसरी ओर ब्रह्मांड





के तारामंडलों और विविध प्रकारों के तारों की। पेड़–पौधे, जीव–जन्तु आदि सभी विज्ञान के भीतर आते हैं। विज्ञान में मनुष्य के शरीर और मन के बारे में विस्तृत ज्ञान शामिल हैं। विज्ञान के ज्ञान की उपादेयता के साथ–साथ वैज्ञानिक सत्य और उनके आधार पर बने नियमों का परीक्षण भी विज्ञान के अनुप्रयोग में ही देखा जा सकता है। इस ज्ञान के संदर्भ में सबसे रोचक तथ्य यह है कि यह अधूरा तो है, लेकिन तेजी से बढ़ भी रहा है।

***